## न्यूज डायरी



### ओमीक्रोन के कारण दुनिया में स्कूल शुरू करने में देरी करना ठीक नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ओमीक्रोन के हर दिन बढ़ते हजारों संक्रमण के बीच ऑस्ट्रेलिया में राज्यों से कहा गया है कि वह स्कूल खोलने में देरी करें, जो अमूमन जनवरी के अंत में शुरू होते हैं। 5 से 11 आयु वर्ग के बच्चों के लिए टीकाकरण कार्यक्रम सोमवार को शुरू हुआ लेकिन सबका नंबर आने में पहले ही देरी हो रही है। और यहां तक कि सब कुछ समय पर चलने के बावजूद, सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में स्कूलों का पहला सत्र शुरू होने तक सभी बच्चों को उनकी पहली डोज नहीं मिली होगी। क्वींसलैंड ने छोटे बच्चों के लिए स्कूलों को खोलने की तारीख को दो सप्ताह आगे बढ़ाकर इसे सात फरवरी कर दिया है, प्रीमियर एनास्टेसिया पलास्ज्जुक ने कहा कि 24 जनवरी को बच्चों का स्कूलों में वापस आना बहुत जोखिम भरा है, जब ओमिक्रोन का प्रकोप चरम पर होगा।

### नाइजीरिया की कोर्ट में तलाक मांगने का अजीब मामला सामने आया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबूजा। अफ्रीकी देश नाइजीरिया की कोर्ट में अजीब मामला सामने आया है। एक महिला ने कोर्ट से गुहार लगाई है कि उन्हें उनके पति से बचाया जाए जो बहुत ज्यादा सेक्स करके उनकी हत्या करना चाहता है। महिला का नाम ओलामिडे लावल है और वह 3 बच्चों की मां हैं। ओलामिडे ने ग्रेड ए प्रचलित कोर्ट में इस आधार पर तलाक मांगा है कि उनके पति शाहिद लावल बहुत ज्यादा सेक्स करके उन्हें मारना चाहते हैं। नाइजीरियाई अखबार प्रीमियम टाइम्स के मुताबिक इबादान इलाके में रहने वाली ओलामिडे ने अपनी याचिका में यह भी कहा कि उनके पति शराब पीते हैं। उन्होंने कहा, शाहिद और मेरी 14 साल पहले शादी हुई थी। वह बहुत ज्यादा शराब पीते हैं और उनके अंदर कोई इंसानियत नहीं है। मेरे पति अपना समय बीयर पीने, पिटाई करने और मुझे सेक्स के लिए मजबूर करने में बिताते हैं। शाहिद मेरे बच्चों को भी समय नहीं देते हैं।

### सऊदी अरब के लग्जरी होटल में रखे गए सबसे सुंदर ऊंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब में रेगिस्तान के जहाज कहे जाने वाले ऊंटों की शाही पार्टी चल रही है। देश के सबसे सुंदर ऊंट इन दिनों रियाद के एक लग्जरी कंपाउंड में जमा हैं। यहां पर ऊंटों को गर्म रखने के लिए शानदार पशुशाला बनाई गई है जिसमें उन्हें गर्मागर्म दूध दिया जा रहा है। इस पशुशाला में ऊंट को रखने के लिए हर रात का किराया 100 डॉलर या 7,394 रुपये है। इसके अंदर ऊंटों ब्यूटी कंटेस्ट में हिस्सा लेने के लिए उनको ट्रिम और स्क्रब किया जा रहा है। रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले इन ऊंटों की इतनी आवभगत हो भी क्यों न, जब लाखों डॉलर दांव पर लगे हुए हैं। इन ऊंटों में से ज्यादातर को किराए पर लिया गया है और इनकी बहुत बारीकी से बोटोक्स इंजेक्शन लगवाने की जांच की जा रही है।

### आर्जेंटीना में महिला जज कैदी को किस करते पकड़ लिया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्यूनस आयर्स। लैटिन अमेरिकी देश आर्जेंटीना में एक महिला जज उस समय फंस गई जब उसे एक कैदी को किस करते हुए कैमरे में कैद कर लिया गया। इस कैदी को देश के दक्षिणी चूबूट प्रांत में एक पुलिसकर्मी की हत्या का दोषी पाया गया था। यह वही महिला जज मरिएल सुआरेज हैं जिसने एक हफ्ते पहले ही कैदी क्रिस्चियन मैं बूस्टोस की आजीवन कारावास की सजा को कम करने का प्रयास किया था। मरिएल को गत 29 दिसंबर को जेल के अंदर कैदी को किस करते हुए पकड़ा गया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में काफी शेयर किया जा रहा है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक मरिएल जजों के उस दल का हिस्सा थीं जिसने कैदी बूस्टोस को पुलिसकर्मी लिअनार्डो टिटो राबर्ट्स की साल 2009 में हत्या किए जाने के मामले में आजीवन कारावास दिए जाने के फैसले पर सुनवाई कर रहा था।

# कंगाल पाकिस्तान को बता रहे भारत से बेहतर

**दावा**

## इमरान खान ने किया दावा, तोड़ा लोन लेने का सभी रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। कंगाल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया है कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत से बेहतर है। इमरान खान का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तान 1 अरब डॉलर के लोन के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के दरवाजे पर झोली फैलाए खड़ा है। साल 2018 में सत्ता में आए इमरान खान ने लोन लेने के अब तक के सभी रेकॉर्ड तोड़ते हुए पिछले 3 साल में 40 अरब डॉलर का कर्ज लिया है।

चर्चित पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर मुताबिक इमरान खान खुद को हमेशा ही पाकिस्तान को संकट से बचाने वाला दिखाते हैं। वह अक्सर यह कहते हैं कि कोई देश तभी कर्ज बहुत ज्यादा लेता है जब खुद उसके नेता भ्रष्ट होते हैं। इमरान खान ने सत्ता में आने से पहले दावा किया था कि वह लोन के लिए गिड़गिड़ाने की बजाय अपनी जान देना पसंद



करेंगे। हालांकि सत्ता में आने के बाद इमरान खान अपने ही बयानों को भूल गए हैं। उन्होंने पिछले 3 वर्षों में 40 अरब डॉलर लोन लेकर पहले बने सभी रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

**पाकिस्तान आर्थिक दिवालिया होने की कगार पर:** पाकिस्तान के विपक्षी दल अब इमरान खान से कह रहे हैं कि वह अपनी बात पर कायम रहें और चूंकि उन्होंने पाकिस्तान की आर्थिक संप्रभुता को आईएमएफ के सामने गिरवी रख दिया है, इसलिए पीएम अपनी जान दे दें। वहीं कुछ विशेषज्ञ तो यहां तक दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान आर्थिक दिवालिया होने की कगार पर पहुंच गया है। अब सबसे बड़ा सवाल पाकिस्तान में यह हो गया है कि क्या इमरान खान पाकिस्तान को आर्थिक तबाही से बचा पाएंगे या साल 2023 में होने वाले चुनाव से पहले ही अपनी सरकार गंवा बैठेंगे।

इमरान खान सत्ता में आने के बाद अब तक के सबसे लकी प्रधानमंत्री साबित हुए थे और उन्हें देश की शक्तिशाली सेना का पूरा समर्थन मिला हुआ था। यही नहीं विपक्ष भी कमजोर हो गया था और बंटा हुआ था। करीब 3 साल तक मजे करने के बाद अब इमरान खान की अपनी सरकार संकट में आ गई है। इमरान खान के पतन की यह शुरुआत पिछले साल सितंबर महीने में हुई जब सैन्य आवासीय इलाके में हुए स्थानीय निकाय के चुनाव में उनकी पार्टी पीटीआई हार गई।

**दक्षिण एशिया में पाकिस्तान में सबसे ज्यादा महंगाई:** इसके बाद इमरान खान की पार्टी अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भी स्थानीय निकाय के चुनाव हार गई। इमरान खान की पार्टी साल 2013 से इस इलाके में सत्ता में थी लेकिन उसे ज्यादातर शहरों में हार का मुंह देखना पड़ा। इससे इमरान खान पूरी तरह से घबरा गए हैं। इमरान खान ने साल 2022 की शुरुआत तेल की कीमतों में ऐतिहासिक वृद्धि के साथ की। आम पाकिस्तानी बढ़ती महंगाई से जहां जूझ रहा है, वहीं इमरान खान दावा कर रहे हैं कि उनका देश दुनिया के सबसे सस्ते देशों में से एक है।

## हवा में गायब हुआ ताइवान का सबसे आधुनिक एफ-16

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। चीन की दादागिरी से जूझ रही ताइवान की वायुसेना को बड़ा झटका लगा है। ताइवान का सबसे आधुनिक एफ-16वी फाइटर जेट समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस हादसे के बाद ताइवान ने अपने एफ-16वी लड़ाकू विमानों के प्रशिक्षण को रोक दिया है। एक तरफ ताइवान के लड़ाकू विमानों के हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं, वहीं चीन दर्जनों विमान ताइवानी हवाई क्षेत्र के पास भेजकर लगातार धमकाने में जुटा हुआ है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश का सबसे आधुनिक एफ-16 वी लड़ाकू विमान दक्षिणी ताइवान स्थित चियाई एयर बेस से उड़ान भरने के बाद रेडॉर से गायब हो गया। यह लड़ाकू विमान एक तटीय फायरिंग रेंज में प्रशिक्षण मिशन पर था। ताइवान की राष्ट्रपति त्साइ इंग वेन ने विमान के तलाश और बचाव के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा है। सरकार के बचाव कमान सेंटर ने कहा है कि उसने विमान को समुद्र के अंदर गिरते हुए देखा है।

कमान ने कहा कि जहाज और हेलिकॉप्टर पायलट की तलाश कर रहे हैं। एयरफोर्स के अधिकारी लियू हुई चिएन ने कहा कि हाल ही में इस विमान को अपग्रेड करके वी स्तर का बनाया गया था।



**करतारपुर कॉरिडोर से 74 साल बाद मिले दो भाई**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। करतारपुर कॉरिडोर फिर दो दिलों को मिलाने का जरिया बना है। इस बार कॉरिडोर के कारण 74 साल बाद दो बिछड़े भाइयों की मुलाकात हुई है। ये दोनों भाई भारत-पाकिस्तान बंटवारे के कारण एक दूसरे से अलग हो गए थे। दोनों भाईयों को पहचान मुहम्मद सिद्दीक और भारत में रहने वाले उनके भाई हबीब उर्फ शेला के नाम से हुई है। पाकिस्तानी मीडिया एआरवॉय न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 80 साल के मुहम्मद सिद्दीक पाकिस्तान के फैसलाबाद शहर में रहते हैं। वे बंटवारे के वक्त अपने परिवार से अलग हो गए थे। उनके भाई हबीब उर्फ शेला भारत के पंजाब में रहते हैं। करतारपुर कॉरिडोर में इतने लंबे अरसे बाद एक दूसरे को देख दोनों की आंखें भर आई और वे भावुक होकर गले मिले।

# तालिबान ने दी ताजिकिस्तान उज्बेकिस्तान को चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल के एक समारोह में दिया गया बयान

काबुल। तालिबान ने ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान को चेतावनी दे डाली है। तालिबान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मावलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने मंगलवार बड़ा बयान दिया, जिसमें कहा गया कि ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान को अफगान विमान वापस करना होगा, नहीं तो वें परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, काबुल के एक समारोह में जहां वायु सेना का अभ्यास भी चल रहा था, उस में बोलते हुए तालिबान के कार्यवाहक रक्षा मंत्री मावलवी मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने कहा कि जो सैन्य विमान विदेश ले गए थे, अब समय आ गया है कि उन्हें वापस कर दिया जाना चाहिए।

मुजाहिद ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जिन देशों ने सैन्य विमान ले लिए हैं, उन्होंने उन्हें वापस नहीं किया, तो उन्हें इसका परिणाम भुगतना होगा। मुजाहिद ने कहा, हमारे विमान जो ताजिकिस्तान या उज्बेकिस्तान में मौजूद हैं उन्हें जल्द से जल्द वापस किया जाना चाहिए, हम इन विमानों को विदेश में रहने या उन देशों द्वारा इस्तेमाल किए जाने की अनुमति नहीं देंगे। आपको बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद हालात तितर-बितर हो गए थे। सैकड़ों लोग अपना देश और अन्य देशों की ओर भाग रहे थे।

टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक रक्षा मंत्री ने कहा कि वे किसी भी देश को अफगानिस्तान से निकाले गए अफगान सैन्य विमानों का उपयोग करने की अनुमति नहीं देंगे। तालिबान रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्व सरकार के पतन के बाद, 40 से अधिक हेलीकाप्टरों को देश के बाहर उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान ले जाया गया। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान कार्यवाहक रक्षा मंत्री ने कहा, हमारी भविष्य की वायु सेना किसी भी देश पर निर्भर नहीं होगी।

## खैबर पख्तूनख्वा में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या हुई 18

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेशावर। पाकिस्तान में प्राकृतिक आपदा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में भारी बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो गई। आपको बता दें कि 3 से 10 जनवरी तक बारिश और बर्फबारी के दौरान पाकिस्तान के केपी के विभिन्न हिस्सों में छत और दीवार गिरने के साथ-साथ भूस्खलन की घटनाओं में लगभग 46 लोग घायल हुए थे। न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 से 10 जनवरी तक केपी के विभिन्न जिलों में 109 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए थे। पाकिस्तान के केपी में चारसद्दा, करक, खैबर, मोहमंद, नौशेरा और ऊपरी दीर क्षेत्रों में प्रभावितों के बीच राहत सामग्री वितरित की गई है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया है। पंजाब प्रांत के मुरी शहर में आवश्यक बचाव कार्य और केपी प्रांत में हाल ही में आई बाढ़ के साथ पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन उपायों का परीक्षण भी किया जा रहा है।